हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 31 दिसंबर 2025

[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]


तापमान

अधिकतम .24 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

4 — 24 बस्तियों में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब



## खबर संक्षेप

### निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने ली बैठक

**रायगढ़।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 15.लैलूंगा, 16.रायगढ़, 18.खरसिया एवं 19.धरमजयगढ़ द्वारा अपने-अपने अनुविभाग क्षेत्र में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित कर प्रारुप 9ए 10ए 11, 11., एवं 11.बी की सूची उपलब्ध कराई गई और 23 से 29 दिसम्बर 2025 तक प्राप्त दावा आपत्ति की जानकारी दी गई। बता दें कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम अन्तर्गत रायगढ़ जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र 15.लैलूंगा, 16.रायगढ़, 18.खरसिया एवं 19.धरमजयगढ़ के सभी 1217 मतदान केन्द्रोंध्विहित स्थानों में एवं सर्व अनुविभागीय अधिकारी रा सह निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सर्व तहसीलदार सह सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालयों में निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसम्बर किया गया है। सभी मतदाता अपना नाम की जांच अपने मतदान केन्द्रों अथवा सीईओ छत्तीसगढ़ के वेबसाइड में कर सकते है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे सभी नवीन मतदाता जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो गया है या 01 जनवरी को 18 वर्ष होगा या फिर जिनका नाम किसी कारण से छूट गया हैए ऐसे मतदाता अपने मतदान केन्द्र में जाकर फार्म.6 एवं घोषणा पत्र भरकर अपना नाम वर्तमान मतदाता सूची में दर्ज कराने हेतु बीएलओ अविहित अधिकारी के पास या निर्वाचन आयोग के वेबसाइड में ऑनलाईन आवेदन 22 जनवरी 2026 कर सकते है। उपरोक्त कार्य हेतु सभी मतदान केन्द्रों में अविहित अधिकारी एवं बीएलओ द्वारा शासकीय अवकाश के दिनों को छोड़कर कार्यालयीन समय में दावाध्आपत्ति संबंधी फार्म प्राप्त किये जाएंगे।

### प्लेसमेंट कैम्प में 52 अभ्यर्थियों का चयन

**रायगढ़।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक.युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में 3 नियोजक संस्थानों द्वारा कुल 288 रिक्त पदों पर भर्ती की जा रही है। कैम्प में 123 अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए पंजीकृत हुएए जिनमें से 52 अभ्यर्थियों का चयन कर लिया गया हैए जबकि शेष अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है। प्लेसमेंट कैम्प के अंतर्गत फील्ड टेक्नीशियनए एसेट मैनेजर, हाउसकीपिंग, सिक्योरिटी गार्ड एवं वेटर पदों पर भर्ती की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा आयोजित यह प्लेसमेंट कैम्प युवाओं के लिए रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुआ है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

### कलेक्टर ने किया घोराघाटी लातनाला का निरीक्षण

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने सारंगढ़ से 14 किमी दूर ग्राम घोराघाटी में वर्ष 2008 में लात नाला पर करीब 8 करोड़ की लागत से बने लात नाला डायवर्सन परियोजना का निरीक्षण किया। इस डैम का निर्माण 2011-12 में पूरा हुआ था। घोराघाटी डेम के कटाव का स्टीमेट बनाकर प्रस्ताव भेजने और सेमरापाली में लातनाला के ढलान में जल संसाधन विभाग से स्टापडेम बनाने कलेक्टर ने एसडीओ जल संसाधन को निर्देश दिए। इसी प्रकार पंचायत एवं ग्रामीण विभाग से भी तटबंध बनाने कलेक्टर ने सीईओ इंद्रजीत बर्मन को निर्देश दिए। इस दौरे में सरपंच संतोष चौहान, ग्रामीण सहित सीईओ जनपद पंचायत राधेश्याम नायक इंजीनियर आदि उपस्थित थे।

## पीडब्ल्यूडी ने भेजा 75 करोड़ का प्रपोजल, प्रभावितों की हो चुकी सूची तैयार

# रायगढ़-महापल्ली फोरलेन सड़क का चौड़ीकरण कहां से होगा अभी तय नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



**खास बात**

- तोड़ना नहीं है आसान, एक साथ सात सड़कों से प्रभावितों की बनाई गई है लिस्ट

महापल्ली फोरलेन सड़क का चौड़ीकरण अभी कहां से होगा यह तय नहीं है। पहले डिग्री कॉलेज से कहा जा रहा था, लेकिन अब अंबेडकर चौक से लेने की बात सामने आ रही है। हालांकि महापल्ली फोरलेन सड़क निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी ने जहां 75 करोड़ का जहां प्रपोजल भेज दिया है। वहीं प्रभावितों की सूची भी लगभग तैयार हो चुकी है। हालांकि तोड़ना इतना आसान भी नहीं है। दूसरी ओर रायगढ़ शहर के आसपास सात सड़कों को फोरलेन बनाने का प्रस्ताव है। इसके लिए सात सड़कों के चौड़ीकरण की जद में आने वाले प्रभावितों की सूची तैयार कर ली गई है। इसे अब अगले साल ही अमलीजामा पहनाने की तैयारी है।

जानकारी के अनुसार रायगढ़ शहर के आसपास सात सडक़ों को फोरलेन बनाया जाएगा। इसका प्रस्ताव 6 महीने पहले मंजूर किया जा चुका है। इसमें रायगढ़-लोइंग-महापल्ली रोड चौड़ीकरण के लिए पीडब्ल्यूड ने करीब 75 करोड़ का प्रपोजल बनाकर शासन को भेजा है। अभी की स्थिति में लोंइंग महापल्ली रोड़ में काफी अधिक ट्रेफिक बढ़ चुकी है। यातायात दबाव के कारण मुख्य सडक़ों को फोरलेन बनाने का प्रस्ताव है। इसका निर्माण एजेंसी पीडब्ल्यूडी को बनाया गया है। शहर के चारों ओर की सात सडक़ों को चौड़ा किया जाना प्रस्तावित है। इसमें ढिमरापुर चौक से पतरापाली जेएसपीएल तक 5 किमी, ढिमरापुर चौक से कोतरा रोड थाना चौक तक ढाई किमी, उर्दना चौक से सर्किट हाउस चौक तक साढ़े 3 किमी, टीवी टावर रोड से मेडिकल कॉलेज तक साढ़े 3 किमी, रायगढ़-पूंजीपथरा-घरघोड़ा रोड 37 किमी, रायगढ़-कोतरा-नंदेली और रायगढ़-लोइंग-महापल्ली रोड को फोरलेन बनाया जाना है।

**दोनों ओर साढ़े 12-12 मीटर ली गई है चौड़ाई**

पीडब्ल्यूडी की ओर से इन सडक़ों के मध्य से दोनों ओर साढ़े 12-12 मीटर की चौड़ाई में प्रभावित प्राइवेट और सरकारी जमीनों की भूमि की जानकारी मांगी गई थी। एसडीएम और तहसीलदार की टीम ने सर्वे के बाद इसकी सूची बनाकर पीडब्लयूडी को दे दी है। इसमें पीडब्ल्यूडी ने रायगढ़ से महापल्ली तक रोड के लिए 75 करोड़ का प्रारंभिक इस्टीमेट बनाया है।

**हटाना पड़ेगा अवैध कब्जा**

फोरलेन सड़क निर्माण के लिए रोड के दोनों ओर की जमीन लेना पड़ेगा। अंबेडकर चौक या डिग्री कॉलेज चौक से सडक़ चौड़ी होगी। हालांकि अभी यह तय नहीं है। जहां-जहां रोड किनारे अवैध कब्जा होंगा वहां से नको हटाया जाएगा। सड़क चौड़ीकरण प्रोजेक्ट की जानकारी मिलने के बाद से कई नए निर्माण भी होने लगे हैं।

## चोरों ने सूने मकान को बनाया निशाना दो घरों से नकदी समेत सामान की चोरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में अज्ञात चोरों ने एक बार फिर से दो सूने घरों को निशाना बनाया। चोरों ने सूने मकान का फायदा उठाते हुए नकदी और घर के सामान पर हाथ साफ किया है। मामला घरघोड़ा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, डॉक्टर कॉलोनी में रहने वाली गीता साहू और भानू प्रकाश कुर्रे का परिवार अपने-अपने घरों में ताला लगाकर बाहर गया हुआ था। जब दोनों परिवार वापस लौटे तो देखा कि उनके घरों के ताले टूटे हुए थे और अंदर सामान बिखरा पड़ा था।जांच करने पर गीता साहू को पता चला कि उसके घर से नकद राशि सहित लगभग 46 हजार रुपए के सामान की चोरी हुई है। जबकि भानू प्रकाश कुर्रे के घर से करीब 28 हजार रुपए के सामान चोरी हो चुके थे। कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करने पर सोमवार दोपहर के समय 2 से 3 नकाबपोश युवक कॉलोनी में दिखाई दिए, पीडित परिवार को आश्ंका है कि इन्होनें ही चोरी की वारदात को अंजाम दिया। वारदात के बाद पीड़ित परिवारों ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान कर मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## धान से लदे ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



सड़क हादसे मे एक युवक की जान चली गई। धान से लदे ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक के सिर में गंभीर चोट आई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

मामला छाल थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को दोपहर करीब 1 बजे ग्राम देऊरमाल के पास छाल से घरघोड़ा की ओर से जा रहे धान लोड ट्रक के ड्राइवर द्वारा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक काफी दूर जा गिरा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दिनदहाड़े हुए इस हादसे के बाद घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई और लोगो के द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो चुका था। मृतक के पास से मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान विजय उइके, निवासी गेवरा, के रूप में हुई है। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## हिंदुओं पर हिंसा के विरोध में उग्र प्रदर्शन

**सुंदरगढ़।** पड़ोसी देश बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर लगातार हो रही हिंसा, लूटपाट और हमलों की घटनाओं के विरोध में शुक्रवार को सुंदरगढ़ जिला बजरंग दल द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए, जिससे शहर का माहौल कुछ समय के लिए तनावपूर्ण हो गया। शहर के प्रमुख स्थल अटल चौक पर एकत्रित कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हिदुओं पर हमले बंद करो और बांग्लादेश सरकार होश में आओ जैसे नारों से क्षेत्र गूंज उठा। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने विरोध के प्रतीक स्वरूप बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर अपना रोष प्रकट किया, जिसके चलते अटल चौक और आसपास के इलाकों में कुछ समय के लिए यातायात व्यवस्था प्रभावित रही।

## अवैध धान की जब्ती में प्रदेश में पहले स्थान पर जिला, अब तक 50 हजार क्विंटल से अधिक धान जब्त



**जब्ती प्रकरण की तहसीलवार जानकारी**

| तहसील | प्रकरण | धान की मात्रा |
|---|---|---|
| रायगढ़ | 21 | 7336 |
| पुसौर | 30 | 26778.80 |
| तमनार | 12 | 1086.80 |
| खरसिया | 22 | 3457.20 |
| घरघोड़ा | 07 | 906 |
| लैलूंगा | 15 | 4309.20 |
| मुगडेगा | 09 | 317.20 |
| धरमजयगढ़ | 26 | 4190.80 |
| छाल | 08 | 971.20 |
| कापू | 13 | 939.60 |

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वर्तमान मे जिलेभर में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का काम किया जा रहा है। धान खरीदी शुरू होने से पहले ही प्रदेश में अवैध धान के भण्डारण एवं परिवहन से आने वाले धान की कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिले में इस बार खाद्य विभाग के द्वारा जिले में अवैध परिवहन के जरिए अन्य राज्यों से जिले में आने वाले धान को रोकने के लिए जिले के सीमावर्ती जिलों में चेकपोस्ट बनाए गए हैं।खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अवैध धान की कार्रवाई में रायगढ़ जिला वर्तमान में प्रदेश में पहले स्थान पर पहुंच गया है। खाद्य विभाग द्वारा अब तक अन्य सीमावर्ती राज्यों से आए 50 हजार क्विंटल अवैध धान की जब्ती की गई है। अवैध धान पर कार्रवाई करनें के लिए विभाग के द्वारा सीमावर्ती इलाकों में चेक पोस्ट बनाए गए हैं।इन चेक पोस्ट के माध्यम से अब तक अवैध धान के मामले में खाद्य विभाग के द्वारा कुल 163 प्रकरण दर्ज करते हुए 21 गाडियों की जब्ती की गई है। इनमें से कुल 50 हजार 292 क्विंटल अवैध धान को पकड़ा गया है, सबसे ज्यादा प्रकरण पुसौर क्षेत्र में दर्ज की गई है।

> खाद्य विभाग द्वारा अवैध धान पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। पूरी कोशिश है कि जिले के किसान ही धान बिक्री का लाभ उठा पाएं, विभाग की ओर से अवैध धान को जब्ती बना कर संबंधित व्यक्ति पर एफआईआर करवाई जा रही है।
>
> **चितरंजन सिंह**
> जिला खाद्य अधिकारी

## छग पेंशनधारी कल्याण संघ ने किया टॉपर बच्चों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा लोइंग महापल्ली पूर्वांचल द्वारा 27 व 28 दिसंबर को विद्यार्थी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सात हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र तथा विभिन्न उपहार प्रदान किया गया। सम्मान समारोह एन आर प्रधान सेवा निवृत शिक्षक पंडरीपानी पूर्व की अध्यक्षता में तथा बटमूल आश्रम महाविद्यालय साल्हेओना महापल्ली के प्राचार्य डॉ पीएल पटेल, डीपी पटेल विकास खंड शिक्षा अधिकारी रायगढ़ तथा शास उच्च माध्यमिक विद्यालय महापल्ली के प्राचार्य जे सुजाता राव के आतिथ्य में संपन्न हुआ। शासकीय हेमसुंदर गुप्ता उच्च माध्यमिक विद्यालय महापल्ली के टॉपर योगेश पटेल निवासी कारीछापर, मुकुंद देव शास उच्च माध्यमिक विद्यालय लोइंग के टॉपर खुशी मेहर सियारपाली, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोतरलिया के टॉपर स्नेहा राठिया जुर्डा, शास उच्च माध्यमिक विद्यालय पतरापाली के टॉपर खीर सागर साव ग्राम कोटमारए शास उच्च माध्यमिक विद्यालय तिलगा के टॉपर रूपेंद्र चौहान ग्राम पचेड़ा, शास उच्च माध्यमिक विद्यालय जामगांव के टॉपर मंजू ओंगरे निवासी ग्राम मनुवापाली, शास उच्च माध्यमिक विद्यालय टारपाली द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

## 1200 से अधिक श्रद्धालुओं ने अयोध्या धाम में किए प्रभु श्रीराम के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित श्री रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत रायगढ़ जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से अब तक 1200 से अधिक श्रद्धालु अयोध्या धाम पहुंचकर प्रभु श्रीरामलला के पावन दर्शन का सौभाग्य प्राप्त कर चुके हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप प्रारंभ की गई यह योजना अयोध्या धाम से लौटे श्रद्धालुओं के चेहरों पर झलकती प्रसन्नताए संतोष और भक्ति की मुस्कान इसकी सफलता का सशक्त प्रमाण है।

छत्तीसगढ़ सरकार की यह पहल केवल एक धार्मिक यात्रा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आस्थाए संस्कृति और भावनात्मक जुड़ाव से परिपूर्ण एक अविस्मरणीय अनुभव बन चुकी है। छत्तीसगढ़ का भगवान श्रीराम से गहरा आत्मीय और ऐतिहासिक संबंध रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार त्रेतायुग में भगवान श्रीराम ने अपने वनवास काल का महत्वपूर्ण समय छत्तीसगढ़ की पावन भूमि पर व्यतीत किया था। माता कौशल्या का मायका भी छत्तीसगढ़ में स्थित होने के कारण यहां के लोग भगवान श्रीराम को स्नेहपूर्वक भांजा राम कहकर संबोधित करते हैं। इसी सांस्कृतिकए ऐतिहासिक और आध्यात्मिक संबंध को साकार रूप देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा श्री रामलला दर्शन योजना की शुरुआत की गई है। योजना का लाभ प्राप्त करने वाले पुसौर निवासी खगेश्वर पटेल ने बताया कि कभी स्वप्न में भी नहीं सोचा था कि अयोध्या जाकर प्रभु श्रीराम के दर्शन का सौभाग्य मिलेगाए लेकिन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित इस योजना ने उनके जीवन का सपना साकार कर दिया। श्रीमती राजकुमारी साव ने यात्रा को सहजए सुरक्षित और अत्यंत सुखद बताते हुए कहा कि शासन.प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाएं इतनी उत्कृष्ट थीं कि पूरा समूह एक परिवार की भांति यात्रा कर सका। उमेश सिंह सिदार ने भोजनए स्वास्थ्य और सुरक्षा व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि पूरी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान रखा गया। वहीं श्रीमती सावित्री भगत ने कहा कि अयोध्या में रामलला के दर्शन उनके जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य है। सभी श्रद्धालुओं ने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। बता दें कि श्री रामलला दर्शन योजना अंतर्गत राज्य के पात्र श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम स्थित भगवान श्रीरामलला के दर्शन हेतु पूर्णतः निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। योजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं को छत्तीसगढ़ से अयोध्या तक निःशुल्क आवागमन की सुविधा प्रदान की जाती है। यात्रा अवधि के दौरान ठहरने, भोजन एवं नाश्ते की संपूर्ण व्यवस्था शासन द्वारा सुनिश्चित की जाती है। यात्रियों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक चिकित्सा एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं की भी समुचित व्यवस्था की जाती है। योजना की आवेदन प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में आवेदन ग्राम पंचायतों के माध्यम से तथा शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकायों के माध्यम से स्वीकार किए जाते हैं।

### सारंगढ़ में खेलभांठा मैदान, लोहारीन डबरी रेंजरपारा पुलिया का जीर्णोद्धार

# हरदी-दानसरा बायपास और भारत माता चौक से तहसील तक सड़क निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशा अनुरूप सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के विकास के लिए सुशासन के 2 वर्षों के कार्यों को धरातल में पूरा करने का कार्य पिछले 9 माह से कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के नेतृत्व में किया जा रहा है जिससे सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले ने अपनी नई पहचान बनाने में कामयाबी हासिल की है। विगत तीन माह से वृद्धजनों के लिए सारंगढ़ में आशा निकेतन वृद्धाश्रम और युवाओं के कैरियर के लिए व्यापम की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निशुल्क कोचिंग की जा रही है।

सारंगढ़ से हरदी और दानसरा बायपास का नेशनल हाइवे का नया सड़क का अंतिम डामरीकरण हो गया जिसे विगत 2 माह में काम कराया गया है। इस दौरान जल जीवन मिशन का नाली निर्माण, वन विभाग द्वारा पेड़ कटाई, नगरपालिका सारंगढ़ का पाईप मरम्मत सहित विद्युत खम्भो और ट्रांसफार्मर का व्यवस्थापन शामिल था। दानसरा में अवैध कब्ज़ा को हटाया गया और नाली निर्माण चल रहा है, जिसके कारण 400 मीटर का काम शेष है। जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों की व्यवस्था जैसे सिविल सर्जन, शिशु रोग विशेषज्ञए मेडिसिन विशेषज्ञ सहित प्रति बुधवार को मेडिकल बोर्ड बैठने की सुविधा सहित कई प्रकार के निःशुल्क जांच और डायलीसिस सुविधा उपलब्ध है। जिला मुख्यालय सारंगढ़ के किसी भी बड़े आयोजन और खिलाड़ियों के लिए एक मात्र स्थान खेलभांठा मैदान है, जिसमें राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त और 26 जनवरी के मुख्य समारोह निश्चित हैए जो खुला था। खिलाड़ियों को इससे परेशानी होती थी। इन सभी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने 2 दिशा में लोहे की जाली और गेट लगवाया। स्टेज का निर्माण चल रहा है जिससे बरसात के दिनों में भी पंडाल की जरूरत नहीं होगी। सारंगढ़ के लोहारिन डबरी के मेन रोड में दीवाल और विद्युत व्यवस्था का कार्य विगत 6 माह से प्रारम्भ किया गया थाए जो लगभग पूर्ण है। इससे दुर्घटना में कमी और तालाब को सुंदरता मिली है। कलेक्टर डॉ कन्नौजे के निर्देश पर नेशनल हाइवे ने पुलिया के दोनों ओर धातु का बेरीकेटिंग लगाया हैए वहीं नगरपालिका द्वारा स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था किया गया है। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जिला मुख्यालय के भारत माता चौक से तहसील कार्यालय तक के ख़राब सड़क को नया सड़क बनाने का कार्य नगरपालिका को अल्टीमेटम देकर पूरा कराया। कलेक्टर डॉ कन्नौजे के निर्देश पर एसडीएम और नगरपालिका की टीम ने सभी ठेलों और गुमठी संचालकों को गायत्री मंदिर रोड से हटाकर एसबीआई बैंक के सामने खाली प्लाट पर व्यवस्थापन कराया, जो आज पिछले 6 माह से सुव्यवस्थित चल रहा है। सारंगढ़ बस स्टैंड से सरसीवा और कोसीर के लिए टैक्सी स्टैंड सूरज होटल और पेट्रोल पम्प के सामने फल दुकाने होने से प्रतिदिन हजारों लोगों को आवागमन में परेशानी होती थीए जिसे पुराना नगरपालिका भवन के प्लाट में अस्थाई संचालन करने के लिए दिया गया है। इसी प्रकार यहां नगरपालिका भवन के सामने फल दुकानों को मेन रोड से पीछे किया गया ताकि रोड से आवागमन में बाधा उत्पन्न नहीं हो। सारंगढ़ बस स्टैंड के पास यात्री प्रतीक्षालय की कमी को देखते हुए विगत 6 माह में निर्माण प्रारम्भ हुआ और 2 यात्री प्रतीक्षालय अब बन गया हैए जिससे यात्रियों को रायपुर और बिलासपुर, रायगढ़ की ओर जाने वाले गेट के पास बैठने के लिए एक निश्चित स्थान मिला है।

## खबर संक्षेप

### संतुलन बिगड़ने से 20 फीट नीचे गिरी हाइवा, चालक गंभीर

**लहुणीपड़ा।** केबलांग थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 520 पर कुंदुरुबुरु चुनाघाटी में एक हाइवा वाहन संतुलन खो बैठा और करीब 20 फीट नीचे पलट गया। इस दुर्घटना में हाइवा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक को इलाज के लिए राउरकेला सरकारी अस्पताल भेजा गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रविवार रात करीब 12 बजे कोइड़ा की ओर से लौह अयस्क लदा हाइवा ओडी-09-वी-6115 अनुगुल की ओर जा रहा था। इसी दौरान चुनाघाटी में वाहन असंतुलित होकर नीचे जा गिरा। घटना की सूचना राष्ट्रीय राजमार्ग के कर्मचारियों ने केबलांग पुलिस को दी। पुलिस की जांच सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल चालक, झारखंड राज्य निवासी जगमोहन महतो 35 वर्ष को वाहन से बाहर निकालकर पहले लहुणीपड़ा अस्पताल भेजा गया। वहां से उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे राउरकेला सरकारी अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

### जंगल के रास्ते पैदल ले जा रहे थे गौवंश, 2 तस्कर गिरफ्तार



**जशपुरनगर।** गौ तस्करी के खिलाफ जशपुर पुलिस का ऑपरेशन शंखनाद लगातार असर दिखा रहा है। चौकी सोन क्यारी क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जंगल के रास्ते पैदल ले जाए जा रहे 5 गौवंशों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया। मौके से दो गौ तस्करों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में की गई। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 व 10 के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, 29 दिसंबर को ग्राम कोयली बथान निवासी जगदेव राम उम्र 44 वर्ष ने सूचना दी कि दो संदिग्ध व्यक्ति कुछ गौवंशों को हांकते हुए जंगल के रास्ते बलादरपाठ की ओर ले जा रहे हैं। शक होने पर ग्रामीणों ने उन्हें रोका और तत्काल सोन क्यारी पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी, जहां दो संदिग्ध 5 गौवंशों के साथ पकड़े गए।

### राष्ट्र निर्माण में कांग्रेस की ऐतिहासिक भूमिका : परवेज

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी,अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज़ आलम गांधी ने कहा कि देश को आजादी दिलाने से लेकर स्वतंत्र भारत में लोकतंत्र को सशक्त, समावेशी और संवैधानिक मूल्यों पर आधारित बनाए रखने तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का राष्ट्र निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका है। कांग्रेस पार्टी सदैव संविधान की रक्षा, लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने और देश की विविधता में एकता को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध रही है। किसानों के अधिकारों की सुरक्षा, युवाओं के सशक्तिकरण, महिलाओं के सम्मान तथा वंचित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों के हक की लड़ाई कांग्रेस ने निरंतर दृढ़ संकल्प के साथ लड़ी है।

### असामाजिक तत्वों ने की तोड़फोड़ पुलिस से शिकायत

**अम्बिकापुर।** ग्राम करमहा में संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करने के लिए निर्मित चबूतरे को असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिया। घटना से नाराज ग्रामीणों ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। ग्राम करमहा में डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करने चबूतरा का निर्माण कराया गया था। सुबह चबूतरे को टूटा देख ग्रामीण हैरान रह गए। नाराज ग्रामीण सरपंच के नेतृत्व में कोतवाली थाना पहुंचे एवं असामाजिक तत्वों द्वारा इस तरह का कृत्य करने की बात कह मामले में कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस अधिकारी को ज्ञापन सौंप आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की।

# राष्ट्रपति ने की जशक्राफ्ट हस्तशिल्प उत्पादों की सराहना





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को जशक्राफ्ट ब्रांड के अंतर्गत स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों-बांस एवं सवई घास से निर्मित आकर्षक हस्तशिल्प उत्पादों को पारंपरिक कलाकृतियों के रूप में उपहार स्वरूप भेंट किया गया।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने जशक्राफ्ट के हस्तशिल्प उत्पादों को देखकर विशेष प्रसन्नता व्यक्त की तथा स्थानीय कारीगरों द्वारा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ विकसित की गई इन पारंपरिक कलाकृतियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। यह अवसर जशपुर जिले की समृद्ध जनजातीय कला, स्थानीय कारीगरों के उत्कृष्ट कौशल तथा जशपुर वनमंडल द्वारा किए जा रहे नवाचारपूर्ण एवं जनकल्याणकारी प्रयासों के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण रहा।

### आगडीह हवाई पट्टी पर स्वागत





राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का जशपुर के आगडीह हवाई पट्टी पर 30 दिसंबर को आगमन हुआ। इस मौके पर राज्यपाल रमेन डेका, झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन विष्णुदेव साय कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सरगुजा के सांसद चिन्तामणी महाराज, रायगढ़ के सांसद सांसद राधेश्याम राठिया, सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और पत्थलगांव विधायक गोमती साय, जशपुर विधायक रायमुनी भगत, विधायक पुरन्दर मिश्रा, कमिश्नर सरगुजा नरेन्द्र दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने आत्मीय स्वागत किया।

### स्थानीय संसाधनों का संरक्षण एवं संवर्धन

जशपुर वनमंडल द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार की नवाचारपूर्ण पहलें निरंतर जारी रखी जाएंगी, ताकि स्थानीय संसाधनों का संरक्षण, पारंपरिक ज्ञान का संवर्धन तथा ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़ कर सतत विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जा सके।

### स्थानीय कलाकारों एवं ग्रामीणों का आर्थिक सशक्तिकरण

जशक्राफ्ट पहल के माध्यम से न केवल स्थानीय कारीगरों एवं ग्रामीण परिवारों के आर्थिक सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है, बल्कि क्षेत्र की समृद्ध जनजातीय कला एवं हस्तकला को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में भी सार्थक प्रयास किया जा रहा है। इस पहल से स्थानीय उत्पादों के लिए नए बाजार उपलब्ध होंगे तथा स्वरोजगार एवं रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्राप्त होगी।

### ग्रामीण महिला कारीगरों को रोजगार के अवसर

जशपुर वनमंडल द्वारा नवाचार के अंतर्गत ग्राम कोटानपानी के संयुक्त वन प्रबंधन समिति को चक्रीय निधि से वित्तीय सहायता प्रदान की गई है, जिससे ग्रामीण महिला कारीगरों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध हो सके हैं। प्रदत्त सहायता से संयुक्त वन प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों बाँस एवं सवई घास का उपयोग करते हुए आकर्षक एवं पर्यावरण-अनुकूल हस्तशिल्प उत्पादों का निर्माण किया जा रहा है। जशक्राफ्ट ब्रांड के अंतर्गत तैयार किए जा रहे उत्पादों में झुमके, माला, टोपी सहित अन्य पारंपरिक आभूषण एवं दैनिक उपयोग की सामग्री शामिल हैं। ये सभी उत्पाद स्थानीय कारीगरों की पारंपरिक कला, कौशल, रचनात्मकता तथा पीढ़ियों से संचित जनजातीय ज्ञान का सशक्त प्रतिबिंब हैं। उत्पाद निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया में पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग के सिद्धांतों का विशेष रूप से पालन किया जा रहा है।

कार्तिक उरांव का सपना होगा साकार

## कार्तिक जतरा के मंच से राष्ट्रपति का बड़ा भरोसा, गुमला में बनेगा विश्वविद्यालय





राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू छत्तीसगढ़–झारखंड सीमा पर स्थित झारखंड के गुमला जिले के रायडीह प्रखंड पहुंचीं। यहां आयोजित दो दिवसीय अंतरराज्यीय जन-सांस्कृतिक समागम 'कार्तिक जतरा' में शामिल होकर उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान राष्ट्रपति ने पंखराज साहेब कार्तिक उरांव के ऐतिहासिक सपने गुमला जिले में विश्वविद्यालय की स्थापना को शीघ्र साकार करने का भरोसा दिलाया।राष्ट्रपति ने कहा कि गुमला में विश्वविद्यालय की स्थापना केवल कार्तिक उरांव का सपना नहीं, बल्कि उनके अपने जीवन का भी एक महत्वपूर्ण लक्ष्य है। इस दिशा में सकारात्मक प्रयास जारी हैं और बहुत जल्द यह सपना हकीकत में बदलेगा।

### जनजातीय कला–संस्कृति की जमकर की तारीफ

राष्ट्रपति मुर्मू ने आदिवासी समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज की संगीत, नाटक, नृत्य और कला परंपराएं देश की सांस्कृतिक पहचान को मजबूती देती हैं। इसी समृद्ध परंपरा के कारण देशभर के 100 से अधिक आदिवासी कलाकारों को पद्मश्री सम्मान मिल चुका है। 'कार्तिक जतरा' के मंच से उन्होंने आदिवासी पहचान, परंपरा और संस्कृति के संरक्षण की जरूरत पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान देश के विभिन्न राज्यों से आई आदिवासी नृत्य मंडलियों ने पारंपरिक लोकनृत्यों की रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी।

### शिक्षा ही विकास की सबसे बड़ी ताकत

राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा विकास की सबसे बड़ी पूंजी है। शिक्षा के बिना न तो राज्य का और न ही समाज का समग्र विकास संभव है। उन्होंने माना कि शिक्षा से जुड़े कुछ भूमि संबंधी विषयों के समाधान के बाद ही प्रयास पूरी तरह फलीभूत होंगे, लेकिन जिस संकल्प और मेहनत के साथ काम हो रहा है, वह जरूर सफल होगा।उन्होंने कहा कि पंखराज साहेब कार्तिक उरांव सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। विदेश में शिक्षा लेने के बावजूद उनकी सोच अपनी माटी और अपने लोगों के लिए समर्पित रही। उनका सपना था कि इस क्षेत्र में एक विश्वविद्यालय स्थापित हो, जहां से आने वाली पीढ़ियों का भविष्य संवरे। आज जतरा के माध्यम से लोग उन्हें स्मरण कर रहे हैं।

### तीन राज्यों के मुख्यमंत्री केंद्रीय मंत्री रहे मौजूद

पंखराज साहेब कार्तिक उरांव चौक बैरियर, बगीचा मांझाटोली में आयोजित इस भव्य आयोजन में राष्ट्रपति के साथ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी मौजूद रहे। इसके अलावा केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल उरांव, एसटी एससी विषयक संसदीय समिति के अध्यक्ष फगन सिंह कुलस्ते तथा झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और गरिमा प्रदान की।

### सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

राष्ट्रपति के आगमन को लेकर पूरे जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। कार्यक्रम स्थल और आसपास के इलाकों में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। हर आने-जाने वाले पर कड़ी नजर रखी गई और आयोजन शांतिपूर्ण व व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

## कोयला खदान की जनसुनवाई का करेंगे बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुंदरगढ़




सुंदरगढ़ ज़िले के हेमगिर ब्लॉक स्थित भोगराकछा में बुधवार को कोयला खदान परियोजना के लिए आईडको द्वारा हेमगिर तहसील के बिजाहान गांव में औद्योगिकीकरण के लिए 438.210 एकड़ भूमि अधिग्रहण के संबंध में ओडिशा राज्य सामाजिक प्रभाव आकलन के प्रारूप ड्राफ्ट विवरण की तैयारी को लेकर परियोजना से प्रभावित ग्रामीणों की राय लेने के लिए 31 दिसंबर को जनसुनवाई आयोजित की जानी है।

लेकिन हेमगिर के भोगराकछा गांव के ग्रामीणों ने इस जनसुनवाई का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के लिए तैयार किए गए प्रारूप सामाजिक प्रभाव आकलन विवरण में मौजूद त्रुटियों को अब तक सुधारा नहीं गया है, इसी कारण उन्होंने यह फैसला लिया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बीते 29 तारीख, सोमवार को हेमगिर तहसीलदार के माध्यम से जिलाधिकारी को जनसुनवाई के बहिष्कार की सूचना दे दी है। इससे पहले भी विवरण में त्रुटियां होने का हवाला देते हुए 20 तारीख को होने वाली जनसुनवाई का ग्रामीणों ने विरोध किया था और उसमें भाग नहीं लिया था। परिणामस्वरूप उस दिन जनसुनवाई नहीं हो सकी थी।

### भाजयुमो ने फूंका कांग्रेस नेता बघेल का पुतला

**रामानुजगंज।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं सनातन विरोधी भूपेश बघेल का पुतला दहन किया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अध्यक्ष मंगलम पांडेय ने कहा कि सनातन धर्म का विरोध पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ कई कांग्रेसी नेताओं ने किया है। भूपेश बघेल अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा एवं पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का विरोध कर रहे है इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं को इनका विरोध करने का स्क्रीप्ट किसी ने दिया हो। उन्होंने कहा कि रामसेतु की जब बात आई तब कांग्रेसियों ने कहा कि यह काल्पनिक है, भगवान राम को कांग्रेसियों ने काल्पनिक कहा। पुतला दहन के दौरान विजय प्रताप सिंह, जगनारायण सिंह, अमित सिंह, नंदकिशोर गुप्ता, विक्रम गुप्ता, प्रमत मलिक, विकास यादव, कुणाल गुप्ता अमित सहित अन्य उपस्थित रहे।

## अंतरराज्यीय अवैध हथियार रैकेट का पुलिस ने किया खुलासा, तीन गिरफ्तार

### 5 से 10 लाख में लाइसेंस, राउरकेला कोलकाता नागालैंड तक फैला नेटवर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला



राउरकेला पुलिस ने एक बड़े अंतरराज्यीय अवैध हथियार रैकेट का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना उदितनगर में को की गई। कार्रवाई के दौरान गिरोह नागालैंड से अवैध रूप से आग्नेयास्त्र लाइसेंस एकत्र कर उन्हें ऑल इंडिया वैध बताकर देशभर में इस्तेमाल करने का खुलासा हुआ।

गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने राउरकेला शहर के विभिन्न इलाकों में छापेमारी की, जहां जांच के दौरान पता चला कि आरोपी अन्य राज्यों के नाम पते और दस्तावेजों का दुरुपयोग कर फर्जी हथियार लाइसेंस तैयार करवा रहे थे और इन्हें वैध बताकर लोगों को गुमराह कर रहे थे।प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह रैकेट राउरकेला, कोलकाता और नागालैंड के बीच सक्रिय था। आरोपी प्रत्येक हथियार लाइसेंस के बदले 5 से 10 लाख रुपए तक की मोटी रकम वसूलते थे। इस संगठित गिरोह ने अब तक राउरकेला के कुछ व्यक्तियों को अवैध हथियार और जाली लाइसेंस उपलब्ध कराए थे। पुलिस के अनुसार, यह केवल स्थानीय मामला नहीं बल्कि एक सुनियोजित अंतरराज्यीय नेटवर्क है, जिसमें लाइसेंस की वैधता का झांसा देकर भारी आर्थिक लाभ कमाया जा रहा था। इस मामले में रतन कुमार शाह 58 वर्ष निवासी बसंती कॉलोनी, राउरकेला को रैकेट का मुख्य संचालक किंग पिन बताया गया है। जबकि रमनदीप सिंह 36 वर्ष और मनदीप सिंह, दोनों निवासी सिविल टाउनशिप, राउरकेला, नागालैंड से प्राप्त अवैध हथियार और लाइसेंस के धारक पाए गए।

- नागालैंड से ऑल इंडिया वैध लाइसेंस के जाल का खुलासा

छापेमारी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 32 एनपी बोर पिस्टल, सैकड़ों जिंदा कारतूस, नागालैंड और राउरकेला से जारी हथियार लाइसेंस तथा डिजिटल साक्ष्य युक्त मोबाइल फोन जब्त किए गए। मामले में भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की विभिन्न धाराओं और आर्म्स एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की गई है।

## आपसी गोलीबारी में माओवादी भिड़े, दो की मौत, दो गंभीर

**बिश्रा।** झारखंड में माओवादी संगठन के सदस्य आपस में आमने-सामने आ गए। उनके बीच हुई गोलीबारी में दो माओवादियों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान देवेंद्र गंझू 40 वर्ष और चूड़ामन गंझू 35 वर्ष के रूप में हुई है। देवेंद्र गंझू पर करीब 30 आपराधिक मामले दर्ज थे और वह फरार चल रहा था। गंभीर रूप से घायल श्याम भोगता 30 वर्ष और ब्रह्मदेव भोगता 25 वर्ष को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- झारखंड में आमने–सामने आए माओवादी संगठन के सदस्य

यह घटना रविवार मध्यरात्रि को झारखंड के चतरा जिले के कुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत गेंद्रा गांव में हुई। चतरा के एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा लगातार चलाए जा रहे अभियानों के कारण माओवादियों का मनोबल कमजोर पड़ा है। इसी कारण किसी बात को लेकर आपसी विवाद हुआ, जो बाद में गोलीबारी में बदल गया। इस आपसी संघर्ष में दो नक्सलियों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, शवों को कब्जे में लिया और दो गंभीर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। घायलों का उपचार सुरक्षाकर्मियों की निगरानी में स्थानीय सरकारी अस्पताल में किया जा रहा है। स्थानीय पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## स्मृति को मिला इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में स्थान

**राउरकेला।** राउरकेला के छेंड कॉलोनी की रहने वाली स्मृतिरखा नायक ने स्टील सिटी राउरकेला के साथ साथ पूरे ओडिशा का नाम रोशन किया है। पिछले वर्ष इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में स्थान पाने के बादए इस वर्ष उन्होंने ओड़िया वर्णमाला के 12,976 अक्षरों का उपयोग कर भगवान श्रीजगन्नाथ का एक अत्यंत उल्लेखनीय चित्र तैयार किया है। इस उपलब्धि के चलते उन्हें एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स आगामी संस्करण के लिए नामांकित किया गया है।

इस अनोखे चित्र को तैयार करने में उन्हें एक महीने से अधिक समय लगाए जो इन दिनों काफी चर्चा में है।ओड़िया लिपि के अत्यंत सुंदर और सृजनात्मक उपयोग से बनाए गए इस चित्र में स्मृति की धैर्यशीलता, समर्पण और कलात्मक निष्ठा स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उन्होंने इसमें अ से लेकर तक सभी अक्षरों का समावेश किया है। विशेष रूप से अक्षर का 2,550 बार प्रयोग किया गया है। स्मृति का यह विशिष्ट प्रयास न केवल उनकी कलात्मक प्रतिभा को दर्शाता है, बल्कि ओड़िया भाषा की समृद्धि और सौंदर्य को भी उजागर करता है। स्मृतिरखा नायक बताती हैं कि उन्होंने पेंसिल पकड़ना सीखने से पहले ही चॉक से चित्र बनाना शुरू कर दिया था। बचपन से ही चित्रकला के प्रति उनकी स्वाभाविक रुचि को उनकी मां ने पहचान लिया था। आज भी वे अपने माता पिता की प्रेरणा से इस क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रही हैं। अब तक स्मृति पट्टचित्र, मंडला आर्ट, पोर्ट्रेट, कपड़े पर चित्रकारी, स्पॉट कैनवास पेंटिंग सहित ओड़िया लिपि के प्रयोग से कई कलाकृतियां बना चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने 21 प्रकार के बीजों पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के सुंदर चित्र भी उकेरे हैं।

सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर उपलब्धियों का लेखा-जोखा किया प्रस्तुत

# मुख्यमंत्री साय ने बगिया में प्रस्तुत किया उपलब्धियों का रिपोर्ट कार्ड





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सुशासन सरकार के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बगिया स्थित अपने निज निवास में आयोजित आमजनों एवं पत्रकारों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने रिमोट का बटन दबाकर वीडियो डॉक्यूमेंट्री का विमोचन किया। बगिया में मौजूद लोगों ने वीडियो के माध्यम से सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों का अवलोकन किया।

- जन कल्याणकारी योजनाओं से बदली प्रदेश की तस्वीर

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि 13 दिसम्बर को सरकार के दो वर्ष पूर्ण हुए और इसी वर्ष छत्तीसगढ़ ⏭ शेष पेज 4 पर

### 18 लाख प्रधानमंत्री आवास

मुख्यमंत्री ने बताया कि नए सरकार बनते ही 14 दिसम्बर 2023 को आयोजित पहली कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख गरीब परिवारों के आवास स्वीकृत किए गए। अब तक 8 लाख से अधिक आवास पूर्ण हो चुके हैं। किसानों को एकमुश्त राशि में धान का भुगतान किया जा रहा है, 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से खरीदी और 3100 रुपए प्रति क्विंटल मूल्य दिया जा रहा है। लंबित बोनस राशि का भुगतान किया गया तथा तेंदूपत्ता 5500 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से खरीदा जा रहा है।

### राज्य की महिलाएं हुई सबल


महिलाओं के सशक्तिकरण पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 70 लाख से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए दिए जा रहे हैं। महिलाएं इस राशि से सब्जी-भाजी व्यवसाय, पशुपालन, किराना दुकान जैसे कार्य कर अपनी आजीविका सुदृढ़ कर रही हैं। उन्होंने रायगढ़ जिले के एक गांव का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां महतारी वंदन की राशि से चंदा कर ग्रामीण महिलाओं ने श्रीराम मंदिर का निर्माण करा रहे है।

### नक्सल समस्या समाप्ति की ओर

मुख्यमंत्री ने कहा कि पारदर्शिता और त्वरित कार्यवाही के लिए पृथक सुशासन विभाग का गठन किया गया है। बस्तर एवं दण्डकारण्य क्षेत्र में इमली, महुआ, चिरौंजी जैसे वनोपज के प्रसंस्करण को बढ़ावा दिया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद समाप्त करने की घोषणा के अनुरूप सुरक्षा बलों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुनर्वास नीति लागू कर नक्सलियों को मुख्यधारा में लाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। 'नियद नेल्लानार' योजना के तहत 400 से अधिक गांवों में सड़क, बिजली, पानी और स्कूल जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने बताया कि बस्तर क्षेत्र में सवा लाख करोड़ रुपए का निवेश कर व्यापक विकास किया जाएगा।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और पत्थलगांव विधायक गोमती साय, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, जिला भाजपा अध्यक्ष भरत सिंह, सुनील गुप्ता, मुकेश शर्मा, मनीष अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, आम नागरिक एवं पत्रकार उपस्थित थे।



# रामचरण की 'पेद्दी' में नजर आएंगे बोमन ईरानी...

**मुंबई।** साउथ के अभिनेता राम चरण अपनी अपकमिंग फिल्म 'पेद्दी' को लेकर सुर्खियों में हैं। दर्शक इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वह इसकी हर अपडेट जानना चाहते हैं। इसी का नतीजा है कि फिल्म का पहला गाना 'चिकिरी चिकिरी' रिलीज होते ही छा गया। खबर है कि जाने माने अभिनेता बोमन ईरानी फिल्म 'पेद्दी' की शूटिंग का हिस्सा बन गए हैं। इस बात की जानकारी 'पेद्दी' के मेकर्स ने दी है। उन्होंने शूटिंग की बीटीएस तस्वीरें शेयर की हैं। इस तस्वीर में बोमन ईरानी, निर्देशक बुची बाबू सना और सिनेमैटोग्राफर आर. रत्नावेलु के साथ नजर आ रहे हैं।

## लाइफ Style

# कृति

## पहले ऑडिशन का वीडियो हुआ वायरल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कृति सेनन का एक वीडियो इस समय तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कृति सिर्फ 22 साल की हैं और वो मदद मांगती नजर आ रही हैं। कृति सेनन की गिनती मौजूदा वक्त की टॉप लीडिंग एक्ट्रेस में होती है। उनके पास फिल्मों की कतार लगी हुई है।

हाल ही में धनुष के साथ 'तेरे इश्क में' में नजर आईं कृति अब शाहिद कपूर के साथ 'कॉकटेल 2' में दिखाई देंगी। इस बीच सोशल मीडिया पर कृति सेनन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ये वीडियो कई साल पुराना है, जिसमें कृति अपना पहला ऑडिशन देते नजर आ रही हैं। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में कृति सफेद रंग की स्लीवलेस वन पीस में नजर आ रही हैं। बहुत हल्के मेकअप के साथ कृति कैमरे के सामने अपने प्रोफाइल के बारे में बता रही हैं। हाथ में कृति एक बोर्ड पकड़े हैं, जिस पर उनके बारे में लिखा है। इसमें कृति सेनन का नाम, उम्र, लंबाई और शूटिंग की डेट्स लिखी हुई हैं। इसके साथ ही उनके बारे में भी लिखा है, जिसमें बताया गया है कि उन्हें तैराकी आती है और अभी तक उन्होंने कोई भी एड तक शूट नहीं किया है। वीडियो में अपना प्रोफाइल बताते हुए कृति अपना परिचय देती हैं। एक्शन बोलने के बाद मुस्कुराते हुए कृति सेनन अंग्रेजी में अपना परिचय देते हुए अपना नाम बताती हैं। हाय, मैं कृति सेनन हूं। मेरी उम्र 22 साल है और मेरी लंबाई 5'9 है। ये है मेरी प्रोफाइल, इसके बाद वो अपनी लेफ्ट-राइट प्रोफाइल दिखाती हैं। इसके बाद उनसे पूछा जाता है कि क्या वे ऑडिशन की बताई गई तारीखों पर उपलब्ध हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# जॉन को देख ओम की आती है याद...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के दिग्गज स्टार जॉन वोइट की तुलना अक्सर भारत के दिग्गज एक्टर्स नसीरुद्दीन शाह और ओम पुरी से होती है। इसके पीछे कुछ खास वजहें हैं। जॉन वोइट को साल 1969 की फिल्म 'मिडनाइट काउबॉय' से अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली। उन्हें ऐसे कलाकार के रूप में याद किया जाता है जिनकी एक्टिंग दिखावे से दूर, भीतर तक झकझोर देने वाली रही है। इनका गहरा कनेक्शन एंजेलिना जोली से है। आज हम बात करने जा रहे हैं हॉलीवुड के उस एक्टर की जिन्हें देख कर अक्सर लोगों को ओम पुरी की याद आ जाती है।



# 'स्ट्रेंजर्स थिंग्स वॉल्यूम 2' एक जनवरी को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड की बहुचर्चित वेब सीरीज स्ट्रेंजर्स थिंग्स की लोकप्रियता भारत में भी देखने को मिलती है। जिसका अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि हालिया रिलीज के तौर पर स्ट्रेंजर्स थिंग्स सीजन 5 का वॉल्यूम 2 ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर टॉप पर ट्रेंड कर रहा है। इस साइंस-फिक्शन सीरीज की कहानी और पात्र फैंस को काफी पसंद आते हैं। मिली बॉबी ब्राउन स्टारर वेब सीरीज स्ट्रेंजर्स थिंग्स 5 के अब तक दो वॉल्यूम नेटफ्लिक्स पर रिलीज किए जा चुके हैं, जिनमें मौजूद 7 एपिसोड ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। अब सभी फैंस स्ट्रेंजर्स थिंग्स 5 के फाइनल वॉल्यूम और एपिसोड का इंतजार कर रहे हैं, जिसे न्यू ईयर यानी 1 जनवरी 2026 को स्ट्रीम किया जाएगा। खासतौर पर सीरीज में इलेवन की भूमिका निभाने वालीं हॉलीवुड एक्ट्रेस मिली बॉबी ब्राउन हर किसी की फेवरेट मानी जाती हैं।



# इंडस्ट्री में चलता है पावर गेम और राजनीति

**मुंबई।** चित्रांगदा सिंह इन दिनों अपनी आगामी फिल्म और हालिया रिलीज फिल्म दोनों को लेकर चर्चाओं में हैं। एक ओर जहां उनकी हालिया रिलीज फिल्म 'रात अकेली हैः द बंसल मर्डर' को काफी तारीफें मिल रही हैं। वहीं, दूसरी ओर चित्रांगदा सलमान खान के साथ अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' को लेकर भी सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में फिल्म का टीजर सामने आया है। इस बीच चित्रांगदा ने इंडस्ट्री के अपने अनुभव को साझा किया। साथ ही उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में प्रभावशाली लोग आपके सामने कितनी चुनौतियां खड़ी कर सकते हैं। चित्रांगदा ने ये माना कि इंडस्ट्री में राजनीति और पावर गेम होता है। इंडस्ट्री के प्रभावशाली लोग हमेशा बाधाएं खड़ी करते हैं, खासकर जब दांव ऊंचे हों।



# बॉर्डर-2 के गीत का टीजर जारी...

**मुंबई।** 'बॉर्डर 2' के मच अवेटेड सॉन्ग 'घर कब आओगे' का टीजर सामने आया है। इस बारे गाने को दो नहीं, बल्कि चार दिग्गज गायकों ने अपनी आवाज दी है। सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' लगातार चर्चा में बनी हुई है। फिल्म के टीजर के बाद से ही फैंस फिल्म के 'घर कब आओगे' गाने का इंतजार कर रहे हैं। यह 'बॉर्डर' के लोकप्रिय गीत 'संदेसे आते हैं' का री-क्रिएटेड वर्जन है। गाने के टीजर में इसके कलाकारों के नामों का उल्लेख किया गया है। जावेद अख्तर द्वारा लिखित और अनु मलिक के संगीत से सजे 'संदेसे आते हैं' के इस नए वर्जन को मनोज मुंतशिर ने लिखा है। जबकि संगीत मिथुन का है। पिछली बार इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ ने गाया था।

## टीवी मसाला




# पहली बार बिग बी के सामने हॉट सीट पर बैठे कुमार मंगलम बिरला

**नई दिल्ली।** केबीसी 17 के मंच पर इतिहास रचने जा रहा है। पहली बार शो के मंच पर देश के जाने-माने बिजनेसमैन कुमार मंगलम बिरला शिरकत करने जा रहे हैं। वो केबीसी 17 के फिनाले वीक के खास मेहमान के तौर पर सेट पर पहुंचे। अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर विराजमान होकर कुमार मंगलम बिरला ने अपने सबसे बड़े डर का खुलासा किया। एंटरटेनमेंट जगत के इतिहास में ऐसा पहली बार होने जा रहा है जब देश के जाने-माने बिजनेसमैन कुमार मंगलम बिरला हॉट सीट पर विराजमान होंगे। केबीसी के प्रोमो में अमिताभ बच्चन दिग्गज उद्योगपति कुमार बिरला से पूछते हैं कि आखिर उन्होंने केबीसी के मंच पर आने में इतने साल क्यों लगाए. जिसका जवाब देते हुए उन्होंने अपना सबसे बड़ा डर साझा किया। अमिताभ बच्चन ने कुमार के हॉट सीट पर बैठते ही उनसे पूछा कि उन्होंने कई बार उन्हें शो में शामिल होने के लिए इनवाइट भेजा था, लेकिन वो कभी आए ही नहीं। इसकी वजह क्या थी। इसका जवाब देते हुए बिजनेसमैन कहते हैं कि उन्हें बस एक चीज का डर था जिसकी वजह से वो शो का हिस्सा बनने से कतरा रहे थे। वो कहते हैं कि वो भी काफी समय से शो का हिस्सा बनना चाहते थे, लेकिन उन्हें डर था कि अगर वो एक भी सही जवाब नहीं दे पाए तो अमिताभ बच्चन उनके बारे में क्या सोचेंगे। सोनी लिव ने केबीसी फिनाले का ये दमदार एपिसोड शेयर करते हुए लिखा, 'जब उद्देश्य की विजन से मुलाकात होती है। केबीसी 17 के पिछले एपिसोड में अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा और जयदीप अहलावत अपनी अपकमिंग फिल्म इक्कीस के प्रमोशन के लिए पहुंचे थे। ये बेहद मजेदार एपिसोड रहा था जिसे सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया गया।

## लव-कुश की शरारतों से तंग हुए रामानंद

**नई दिल्ली।** रामानंद सागर की 'रामायण' के सेट से जुड़ी यादें आज भी दर्शकों को रोमांचित कर देती हैं। भगवान राम की इस कालजयी कथा में 'लव और कुश' का किरदार निभाने वाले बाल कलाकार अपनी मासूमियत से सबका दिल जीत लेते थे, लेकिन पर्दे के पीछे वे बेहद शरारती थे। सेट पर इन नन्हे कलाकारों की मस्ती और धमाचौकड़ी से शूटिंग करना मुश्किल हो गया था। 'लव' और 'कुश' की शरारतें जब हद से ज्यादा बढ़ गईं, तब खुद रामानंद सागर ने उन्हें कंट्रोल करने के लिए सांप का सहारा लिया था। रामायण के उत्तर कांड में लव और कुश के किरदार बेहद महत्वपूर्ण थे। इन भूमिकाओं के लिए रामानंद सागर ने सबसे पहले अभिनेता-राजनेता शत्रुघ्न सिन्हा के जुड़वां बेटों (लव और कुश सिन्हा) को कास्ट करने की सोची थी। लेकिन, कुछ कारणों से यह संभव नहीं हो सका। इसके बाद सागर ने बाल कलाकारों की तलाश शुरू की और उनकी नजर महाराष्ट्र के दो युवा लड़कों पर पड़ी, स्वप्निल जोशी (कुश का किरदार) और मयूरेश क्षेत्रमाडे (लव का किरदार)।



# रहस्य, रोमांच और डर के साथ प्रचंड टकराव...



**मुंबई।** साल 2026 की संक्रांति पर सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है पैन-इंडिया फिल्म 'द राजा साब'। प्रभास की इस फिल्म का ट्रेलर अब रिलीज हो गया है। लंबे समय बाद प्रभास एक ऐसे अवतार में लौट रहे हैं, जहां प्रेम, कॉमेडी और डर एक साथ कहानी में नजर आ रहा है। निर्देशक मारुति की इस फिल्म में रहस्यमयी अतीत की परतें खुलते हुए नजर आने वाली हैं। पीपल मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले बनी यह फिल्म 9 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली है। ट्रेलर की शुरुआत डरावने माहौल से होती है, जहां एक विशाल हवेली कहानी का केंद्र बनती है। इस हवेली से जुड़ा है एक खौफनाक राज, जिसका संबंध प्रभास के दादा के किरदार से है, जिसे संजय दत्त निभा रहे हैं। कहानी में दादा की मौत के बाद भी उनका प्रभाव खत्म नहीं होता, बल्कि उनकी आत्मा एक भयानक शक्ति के रूप में उसी हवेली में बस जाती है। यह आत्मा न सिर्फ अजेय नजर आती है, बल्कि हर उस शख्स को अपने वश में कर लेती है जो हवेली के भीतर कदम रखता है। भावनात्मक स्तर पर भी ट्रेलर एक संवेदनशील पोते की झलक भी दिखाता है। प्रभास का किरदार अपनी दादी (जरीना वहाब) के प्रति बेहद स्नेही और जिम्मेदार नजर आता है। लेकिन हालात तब भयावह हो जाते हैं जब दादा की आत्मा परिवार के ही लोगों के लिए खतरा बन जाती है। पत्नी और दोस्तों के साथ प्रभास एक ऐसी जंग में फंस जाता है, जहां सामने कोई आम इंसान नहीं, बल्कि खून के रिश्ते से जुड़ा डर है। हवेली को एक भूलभुलैया की तरह पेश किया गया है, जिसमें हर मोड़ पर नया रहस्य छिपा है।

# विंटर वेकेशन पर निकले कई सेलेब्स फैमिली संग करीना पहुंचीं स्विट्जरलैंड

**मुंबई।** साल 2025 को खत्म होने में चंद दिन बचे हैं। नए साल की तैयारियों में आम से लेकर खास लोग तक जुट गए हैं। कई सेलेब्स न्यू ईयर मनाने के लिए अलग-अलग जगहों पर जा रहे हैं या पहुंच गए हैं। इस लिस्ट में करीना कपूर से लेकर दीपिका पादुकोण तक शामिल हैं। इनके अलावा भी कई सेलेब्स विंटर वेकेशन, न्यू ईयर के सेलिब्रेशन के लिए वेकेशन पर निकल चुके हैं।

करीना कपूर कुछ दिन पहले ही सैफ अली खान और अपने दोनों बेटों के साथ वेकेशन पर निकली थीं। रविवार को उन्होंने स्विट्जरलैंड से अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। वह स्विट्जरलैंड की हसीन वादियों में सर्द मौसम का मजा ले रही हैं, अपनी फैमिली के साथ क्वालिटी टाइम गुजार रही हैं।



***न्यूयॉर्क में नजर आए दीपिका और रणवीर :*** फिल्म 'धुरंधर' की सफलता के बाद रणवीर सिंह को फैमिली के साथ वक्त गुजारने का मौका मिला है। वह और दीपिका न्यूयॉर्क में स्पॉट हुए हैं। दोनों को एक पार्टी में देखा गया। फैंस के साथ इस कपल ने फोटो क्लिक करवाए। ऐसा लगता है कि दोनों न्यूयॉर्क में नया साल मनाएंगे।

***उत्तराखंड में छुट्टियां मना रही हैं मौनी रॉय :*** मौनी रॉय ने भी रविवार को अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। वह अपनी दोस्त के साथ उत्तराखंड में सर्द मौसम का मजा ले रही हैं। मौनी रॉय ने उत्तराखंड की खूबसूरत वादियों से कई तस्वीरें शेयर की हैं।

***ये सेलेब्स भी वेकेशन पर एंज्वॉय करते नजर आएः*** बड़े स्टार के अलावा यंग एक्टर्स को भी न्यू ईयर वेकेशन पर देखा गया। अभय वर्मा भी समंदर किनारे विंटर वेकेशन को एंज्वॉय करते दिखाई दिए। रणवीर कपूर को भी रविवार के दिन एयरपोर्ट पर देखा गया, वह भी वेकेशन पर जा रहे हैं।

## ऊपर आका, नीचे काका' ये कहावत थी काफी मशहूर

# इन फिल्मों ने राजेश खन्ना को बनाया बॉलीवुड का पहला सुपरस्टार

***नई दिल्ली।** मौजूदा वक्त में किसी हीरो के लिए दीवानगी सिर्फ सेल्फी और ऑटोग्राफ तक सीमित रह गई है। लेकिन, बॉलीवुड में एक ऐसा कलाकार था जिसके लिए लड़कियां इस कदर दीवानी थीं कि उसके नाम का सिंदूर लगाती थीं। तो वहीं कुछ उस स्टार की फोटो के साथ ही साथ फेरे लेती थीं। यही नहीं, उस एक्टर के नाम पर न जाने कितने भिखारी भीख मांगते थे। उनकी एक झलक पाने के लिए फैंस बेताब रहते थे। वहीं, फिल्म के सेट पर उनके किस्से आज भी लोगों को सुनाए जाते हैं। ये कलाकार कोई और नहीं, बल्कि बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार कहे जाने वाले राजेश खन्ना हैं। 'ऊपर आका, नीचे काका' राजेश खन्ना के लिए ये कहावत काफी मशहूर थी। भारत के पहले सुपरस्टार का तमगा पाने वाले राजेश खन्ना के नाम बतौर हीरो लगातार 17 हिट फिल्में देने का रिकॉर्ड है। उन्होंने पांच फिल्मफेयर अपने नाम किए। जबकि साल 2013 में उन्हें भारत सरकार द्वारा मरणोपरांत देश के तीसरे सर्वोच्च सम्मान पद्मभूषण से भी सम्मानित किया गया है। 1966 में फिल्म 'आखिरी खत' से अपने कॅरियर की शुरुआत करने वाले राजेश खन्ना ने अपने चार दशक से भी लंबे कॅरियर में सफलता के शिखर से लेकर डाउनफॉल तक देखा।*

**राज** : राज' फिल्म साल 1967 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में राजेश खन्ना के साथ बबीता प्रमुख भूमिका में नजर आई थीं। यह एक रोमांटिक-थ्रिलर फिल्म है। फिल्म को आज भी काफी पसंद किया जाता है।

**आराधना** : राजेश खन्ना और शर्मिला टैगोर स्टारर 'आराधना' राजेश खन्ना की सबसे सफल फिल्मों में से एक है। इस रोमांटिक-ड्रामा फिल्म को काफी पसंद किया गया था। फिल्म की कहानी आज भी लोगों को पसंद है। इस फिल्म से राजेश खन्ना बॉलीवुड के नए स्टार बन गए थे। इसके बाद ही उन्होंने लगातार 17 हिट फिल्में दीं। इस फिल्म को 17वें फिल्मफेयर अवॉर्ड में बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड मिला था।

**दो रास्ते** : राज खोसला द्वारा निर्देशित 'दो रास्ते' साल 1969 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में राजेश खन्ना के साथ मुमताज, बलराज साहनी, कामिनी कौशल और प्रेम चोपड़ा प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं। फिल्म को काफी पसंद किया गया था। इस फिल्म ने राजेश खन्ना की पॉपुलर्टी में अहम भूमिका निभाई। आप इस फिल्म को आज भी एंजॉय कर सकते हैं।



**सच्चा झूठा** : राजेश खन्ना साल 1969 में चोरी पर आधारित एक शानदार फिल्म लेकर आए थे 'सच्चा झूठा'। फिल्म में राजेश खन्ना ने डबल रोल निभाया था। यह फिल्म आज भी उतनी ही पसंद की जाती है। फिल्म में राजेश खन्ना के साथ विनोद खन्ना और मुमताज भी प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। इस एक्शन-कॉमेडी फिल्म में राजेश खन्ना के अभिनय को जमकर सराहा गया था और बेस्ट एक्टर का फिल्मफेयर अवॉर्ड भी उनके नाम रहा था।

**कटी पतंग** : राजेश खन्ना के सबसे पॉपुलर किरदारों में से एक है फिल्म 'कटी पतंग' का कमल सिन्हा। इस फिल्म में राजेश खन्ना की डायलॉग डिलीवरी और स्टाइल काफी पसंद किए गए थे। फिल्म में आशा पारेख और प्रेम चोपड़ा भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं। इस फिल्म का गीत 'आज न छोड़ेंगे' आज भी होली पर जरूर ही सुनने को मिलता है। फिल्म में आशा पारेख ने एक विधवा का किरदार निभाया है। फिल्म बड़ी सरलता से एक संदेश भी देती है।

**आन मिलो सजना** : राजेश खन्ना, आशा पारेख और विनोद खन्ना स्टारर 'आन मिलो सजना' साल 1970 की ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक है। फिल्म में लव ट्रायंगल दिखाया गया है। फिल्म की कहानी की तरह ही इसके गाने भी काफी पसंद किए गए थे। आज भी इस फिल्म की अपनी फैन फॉलोइंग है।

**आनंद** : बाबूमोशाय जिंदगी बड़ी होनी चाहिए लंबी नहीं' ये राजेश खन्ना का सबसे आइकॉनिक डायलॉग है और उनकी सबसे आइकॉनिक फिल्म है 'आनंद'। आज भी न जाने कितनी फिल्मों में राजेश खन्ना के इस किरदार और इस फिल्म के डायलॉग्स को कॉपी किया जाता है। ऋषिकेश मुखर्जी द्वारा निर्देशित इस फिल्म के डायलॉग गुलजार ने लिखे हैं। फिल्म में अमिताभ बच्चन भी अहम भूमिका में नजर आए हैं। आज भी इस फिल्म को आप देखेंगे तो अंत में रो देंगे। फिल्म में राजेश खन्ना के निधन का सीन आज भी हिंदी सिनेमा के सबसे आइकॉनिक सीन में से एक माना जाता है।

**हाथी मेरे साथी** : 1971 में आई 'हाथी मेरे साथी' राजेश खन्ना के करियर की सबसे हिट फिल्मों में से एक है। फिल्म में एक अनाथ बच्चे की कहानी दिखाई गई है, जो चार हाथियों के साथ रहता है। इनमें रामू नाम का हाथी उसका सबसे करीबी है। कहानी में कॉमेडी और इमोशन सबकुछ है। राजेश खन्ना के अलावा फिल्म में तनुजा, मदन पुरी और सुजीत कुमार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।

**खबर संक्षेप**

### तीन घंटे खुला रहा लीला रेस्टोरेंट दोबारा लगा ताला

**राउरकेला।** सेक्टर 4 में पिछले कई महीनों से सील पड़े लीला रेस्टोरेंट में गुरुवार को एक रोचक और चर्चा का विषय बनी स्थिति देखने को मिली। जुलाई माह में आरएसपी नगर सेवा विभाग द्वारा सील किए गए इस रेस्टोरेंट को प्रशासनिक अधिकारियों ने अचानक खोल दिया, लेकिन कुछ ही घंटों बाद फिर से सील कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, जब 3 जुलाई को करीब एक करोड़ रुपये से अधिक की बकाया राशि जमा नहीं किए जाने के कारण अदालत की अनुमति के बाद लीला रेस्टोरेंट को सील किया गया था, तब सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनज़र सेक्टर.3 थाना पुलिस की मौजूदगी सुनिश्चित की गई थी। पुलिस बल की सहायता से ही उस समय सीलिंग की कार्रवाई पूरी की गई थी। इसके विपरीत, इस बार आरएसपी नगर सेवा विभाग और प्रशासनिक अधिकारी बिना किसी पुलिस सहायता के मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने कटर की मदद से सील काटा और रेस्टोरेंट के भीतर प्रवेश कर निरीक्षण व जांच पड़ताल की। बताया गया कि रेस्टोरेंट को किसी अन्य व्यक्ति को किराए पर देने की संभावनाओं के मद्देनज़र उसका मूल्यांकन किया जा रहा था।

### बड़गांव पुलिस ने 19 साल पुराने वारंटी पकड़ा

**सुंदरगढ़।** पुलिस को करीब 19 वर्षों से लंबित एक वारंट का निष्पादन करते हुए संबंधित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह वारंट लंबे समय से लंबित था और आरोपी लगातार पुलिस की पकड़ से बाहर था। बड़गांव पुलिस ने सटीक सूचना, सतत निगरानी और सुनियोजित रणनीति के आधार पर आरोपी की पहचान की और उसे गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के विरुद्ध सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी की गईं तथा उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस ने बताया कि आगे की कार्रवाई न्यायालय के निर्देशानुसार की जाएगी। बड़गांव पुलिस की इस कार्रवाई को कानून के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

### 61 लाख रुपए के अवैध मादक पदार्थ किया नष्ट

**जांजगीर-चांपा।** जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल समिति द्वारा कोटाडबरी स्थित प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के प्लांट भट्ठी में 61 लाख रुप से अधिक का अवैध मादक पदार्थ गांजा, नशीली सिरप एवं टैबलेट को नष्टीकरण कराने की कार्रवाई की गई है। जिला पुलिस द्वारा जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल समिति जांजगीर चांपा के साथ मिलकर सोमवार 29 दिसंबर को प्रकाश इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड चांपा के (भट्ठी) में जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी अंतर्गत जप्त 115 किलो 452 ग्राम गांजा कीमती 57 लाख 50 हजार, 35 हजार 833 नग टेबलेट कीमती 3 लाख 40 हजार एवं 616 नग सिरप कीमत 47 हजार 608 को विधिवत नस्ट किया गया है। नस्टीकरण की कार्यवाही में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप श्रीमती नीलिमा डीग्रस्कर सहायक आयुक्त आबकारी अधिकारी जांजगीर- चा पा, डॉ खेमचंद साहू (जुनियर वैज्ञानिक) पर्यावरण संरक्षण अधिकारी बिलासपुर, प्रदीप जोशी रक्षित निरीक्षक, प्रधान आरक्षक देवनारायण रत्नाकर, जगदीश्वर प्रसाद, श्याम सुंदर जांगडे जिला अपराध शाखा जांजगीर -चा पा, प्रकाश इंडस्ट्रीज प्राईवेज लिमिटेड चांपा के प्रबंधक सहित अन्य स्टाप उपस्थित रहें।

**निधन...**

### धनीराम साव

**पुसौर।** पुसौर थाना के तत्कालीन टीआई गिरधारी साव के पिता



धनीराम साव का 85 साल के उम्र में बीते शनिवार को उनके गृह ग्राम देवगांव में निधन हो गया। उनके निधन से गांव में शोक की लहर है। धनीराम साव नितान्त ही धर्मपरायण के साथ साथ सेवाभावी प्रवृत्ति के थे। वे गांव के जगन्नाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष भी रहे। इनके ज्येष्ठ पुत्र शिक्षक थे जो इस दुनिया में नहीं है वहीं इनके मझले पुत्र कृषक हैं एवं छोटे पुत्र गिरधारी साव लैलूंगा टीआई हैं।

#### हजारों श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना व हवन में लिया भाग, क्षेत्र हुआ भक्तिमय

# 24 बस्तियों में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



सम्मेलन में शामिल शहर की महिलाएं और अन्य।

नगर में आयोजित भव्य हिन्दू सम्मेलन के अंतर्गत 48 वार्डों को 24 बस्तियों में विभाजित किया गया, जिसमें सोनुमुडा बस्ती में 29 दिसंबर सोमवार को काली मंदिर सोनुमुडा के सामने स्थित बस्ती प्रमुख केंद्र बनाया गया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 37, 38 एवं 42 की विभिन्न बस्तियों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं नागरिक सम्मेलन में एकत्रित हुए, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8 बजे विधिवत पूजा पाठ के साथ हुआ। गायत्री परिवार द्वारा विशेष पूजा अर्चना एवं हवन संपन्न कराया गया। इसके पश्चात अष्टपहरी राम नाम जाप का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की और वातावरण पूर्णतः राममय हो गया। सम्मेलन में पधारे अतिथियों का पारंपरिक तिलक लगाकर स्वागत किया गया। संघ परिवार से पधारे मुख्य अतिथि राजकुमार भारद्वाज, विभाग प्रचारक ने अपने बौद्धिक उद्बोधन में हिंदुत्व, सांस्कृतिक चेतना एवं सामाजिक एकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने समाज में संस्कार, संगठन और सेवा के महत्व को रेखांकित करते हुए युवाओं से राष्ट्र और संस्कृति के प्रति सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विभिन्न समाजों के वरिष्ठजनों एवं विशिष्ट अतिथियों का श्रीफल एवं शाल भेंट कर सम्मान किया गया। महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि हिन्दू सम्मेलन के सफल आयोजन से क्षेत्र में धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक समरसता का सशक्त संदेश गया है। उन्होंने शहर भर में ऐसे आयोजनों को निरंतर करने और विशेष रूप से युवाओं की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के समापन पर भव्य भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सभी श्रद्धालुओं एवं नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### पेंशनर कल्याण संघ के अध्यक्ष बने घासीराम

**सरसीवा।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ ने संगठनात्मक मजबूती की दिशा में निर्णय लेते हुए घासीराम अजय को जिला शाखा सारंगढ़ बिलाईगढ़ का अध्यक्ष नियुक्त किया है।



घासीराम अजय अपने सरल स्वभाव, अनुशासित जीवन, दीर्घ शासकीय सेवा अनुभव और पेंशनर हितों के प्रति निरंतर सक्रियता के लिए जाने जाते हैं। उनकी नियुक्ति को संघ के भीतर एक सकारात्मक ऊर्जा, विश्वास और नई दिशा देने वाला कदम माना जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष आरके थवाईत ने कहा कि अजय जैसे अनुभवी, निष्ठावान और कर्मठ व्यक्तित्व को जिला अध्यक्ष का दायित्व सौंपना संगठन के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अजय के नेतृत्व में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के पेंशनरों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से होगा तथा संघ और अधिक संगठित, सक्रिय एवं प्रभावशाली रूप में उभरेगा।



## राशन दुकान की जांच करने पहुंचे एसडीएम, सुनी दलीलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

ग्राम मलुहा स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जांच तेज कर दी गई है। इसी क्रम में 16 दिसंबर को बिलाईगढ़ फूड इंस्पेक्टर जांच के लिए ग्राम मलुहा पहुंचे थे।

जांच के दौरान आवेदक, अनावेदक एवं उपस्थित ग्रामीणों के बीच विवाद जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई, जिसके चलते शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए उस दिन की कार्रवाई स्थगित कर दी गई थी। इस संबंध में फूड इंस्पेक्टर द्वारा उच्च अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया गया था।

इसके बाद 29 दिसंबर को बिलाईगढ़ एसडीएम स्वयं फूड इंस्पेक्टर के साथ ग्राम मलुहा पहुंचे, जहां उन्होंने मामले से जुड़े आवेदक, अनावेदक तथा पीड़ित ग्रामवासियों के बयान दर्ज किए। जांच के दौरान ग्रामीणों की शिकायतों एवं पक्षों की बातों को विस्तार से सुना गया। इस संबंध में एसडीएम ने बताया कि सभी पक्षों के बयान लिए जा चुके हैं। फूड इंस्पेक्टर का प्रतिवेदन प्राप्त होने के पश्चात दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति अथवा समिति के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाने पहुंचे बिलाईगढ़ सोनाखान के कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी स्थापना दिवस के अवसर पर बिलाईगढ़ सोनाखान से सैकड़ों कार्यकर्ता, आमजन, माता बहन, राजीव भवन रायपुर पहुंचकर स्थापना दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किए।

140 वर्ष पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने कांग्रेस सेवा दल के नेतृत्व में राष्ट्रीय ध्वज फहराया, राजकीय गीत और वंदे मातरम गाया गया और सबको स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामना दी गई, तत्पश्चात राजीव भवन सभागार के संगोष्ठी हुई जहां सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए, जहां राजेन्द्र तिवारी, कन्हैया अग्रवाल, सत्यनारायण शर्मा, भूपेश बघेल, दीपक बैज आदि वरिष्ठ वक्ताओं ने अपना अपना उद्बोधन दिया, और शुभकामनाएं दी। इस स्थापना दिवस के कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राजेंद्र तिवारी, सत्यनारायण शर्मा, सुशील आनंद शुक्ला, संबोध हरितवाल, आकाश शर्मा, केशव चंद्राकर, अरुण ताम्रकार, सुबोध हरितवाल, कन्हैया अग्रवाल, पंकज शर्मा, अमितेश शुक्ला, प्रमोद दुबे, मंजूलता आनंद, अजय साहू, अनिल वर्मा, संतोष यादव, मानिक साहू, घनश्याम के साथ बिलाईगढ़ सोनाखान से युधिष्ठिर नायक अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान, भीषम साहू, इंदू भूषण पडवार, युगल साहू, मुरलीधर मिश्रा, जान मोहम्मद खान, हेमलाल पटेल, धनीराम नाग, सुखलाल निषाद, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता आमजन माता बहन शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किए।

## राज्य सरकार ने 25 एनएचएम कर्मचारियों को किया बहाल, इसमें जिले के दो कर्मचारी भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



■ एनएचएम हड़ताल में बर्खास्त सभी कर्मचारियों की जिला स्तर पर सेवा बहाली


नये साल की पूर्व संध्या पर छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के संविदा कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है। राज्य सरकार ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देश पर मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी आदेश में हड़ताल अवधि 18 अगस्त से 19 सितंबर के दौरान की गई प्रशासनिक कार्रवाई को शून्य करते हुए 25 बर्खास्त संविदा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सेवा बहाली का निर्णय लिया है। इस आदेश के अनुसार, संबंधित कर्मचारियों की जिला स्तर पर सेवा बहाली की जाएगी तथा उनकी कार्य पर उपस्थिति स्वीकार की जाएगी। इसके लिए सभी जिलों के कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला स्वास्थ्य समितियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

गौरतलब है कि प्रदेश के लगभग 16,500 एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 18 अगस्त से 19 सितंबर तक अनिश्चितकालीन हड़ताल की थी। इस हड़ताल से प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित हुई थी, जिसके फलस्वरूप 25 कर्मचारियों को सेवा से पृथक कर दिया गया था। सरकार के आश्वासन एवं वार्ता के बाद कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त कर दी थी तथा बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली का भरोसा दिया गया था। आज जारी इस आदेश से सरकार ने अपने वादे को पूरा करते हुए आंदोलन के दौरान की कार्रवाई को निरस्त कर दिया है। इस महत्वपूर्ण निर्णय से एनएचएम संविदा कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है तथा राहत की लहर दौड़ गई है। कर्मचारियों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में सरकार उनकी शेष महत्वपूर्ण मांगों पर भी सकारात्मक निर्णय लेगी। आदेश जारी होने के बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ की ओर से स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य सचिव मिशन संचालक महोदय का हार्दिक आभार व्यक्त किया जाता है।

साथ ही प्रदेश के 16, 500 एनएचएम कर्मचारियों के अटूट सहयोग एवं एकजुटता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया जाता है। जिला स्तर पर अध्यक्ष सचिव ने अपने चहेते एवं विधायक सह वित्त मंत्री जिला कलेक्टर तथा जिला प्रशासन का भी विशेष आभार व्यक्त किया है। यह निर्णय न केवल बर्खास्त कर्मचारियों के लिए न्यायपूर्ण है] बल्कि पूरे एनएचएम परिवार के लिए नववर्ष का उपहार सरीखा है। संघ सरकार से अपील एवं आशा करता है कि स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने हेतु शेष मांगों पर शीघ्र विचार किया जाएगा।

## व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के निर्माण नियमों में विचार की मांग

**रायगढ़।** जैसे जैसे शहरीकरण अपने चरम पर पहुंच रहा है वैसे वैसे नए नए मार्केट भी डेवलप हो रहे हैं। परंतु समस्या पुराने शहरों की है जो घनी बस्ती के रूप में बसे हुए हैं। यहां पर जो दुकानें बनी हुई है उसके अलावा यदि कोई नया दुकान बनाना चाहता है तो उसे नियमानुसार अपने भूमि का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा छोड़ना पड़ता है। परंतु शहर की जमीन इतनी महंगी हो चुकी है कि अब कोई भी व्यक्ति इतनी महंगी जमीन को छोड़ना नहीं चाहता है।



इसलिए शहरों में नक्शे तो नियमानुसार बनते हैं परंतु निर्माण नियमों के विपरीत किए जाते हैं। और फिर दुकानदार यह राह देखते हैं की कब नियमितीकरण का द्वार खुलेगा और कब उसमें से पार हो पाएंगे।वैसे भी यह तो समझ में आता है की पार्किंग के लिए सामने का हिस्सा छोड़ना चाहिए परंतु यह समझ में नहीं आता कि अगल बगल और पीछे की जमीन क्यों छोड़नी चाहिए। जब एक लाइन से दुकान बन रही हैं तो उनके बीच और पीछे यदि जगह छोड़ी जाएगी तो यह चोरों और सेंधमारों के लिए मुनासिब स्थितियां तैयार करता है। ऐसे सैकड़ों प्रकरण देखे गए हैं जिसमें पीछे की ओर से सेंधमारी हुई है और दुकान का लाखों रुपए का नुकसान हो गया है। अतः जो निर्माण व्यावसायिक प्रवृत्ति के हैं उन्हें पार्किंग के लिए सामने जगह छोड़नी चाहिए पर ऊपर वाली मंजिल का निर्माण उसे पूरे भूमि का ही मिलना चाहिए।

## कम्युनिटी को बेहतर बनाने के लिए एनटीपीसी लारा तत्पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




एनटीपीसी लारा ने बालिका सशक्तिकरण अभियान प्रोग्राम शीत कालीन फॉलोअप वर्कशॉप 28 दिसंबर को खत्म किया। इस इवेंट में प्रेरिता महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती अनुराधा शर्मा के साथ समिति के दूसरे सीनियर मेंबर, पेरेंट्स और जीईएम पार्टिसिपेंट्स मौजूद थे। इस सेरेमनी में लड़कियों का टैलेंट और कॉन्फिडेंस दिखा, जिन्होंने कल्चरल थीम पर एक शानदार डांस किया, जिसके बाद रैंप वॉक किया गया।

पार्टिसिपेंट्स ने अपने अनुभव को साझा किया और वर्कशॉप ऑर्गनाइज़ करने के लिए एनटीपीसी लारा का शुक्रिया अदा किया, जिसने उनकी ज़िंदगी पर काफी असर डाला है। श्रीमती अनुराधा शर्मा ने स्टूडेंट्स को मोटिवेशनल विचारों से इंस्पायर किया, उन्हें अपने सपनों को पूरा करने और एक मज़बूत इंसान बनने के लिए हिम्मत दी। बच्चों ने वर्कशॉप के दौरान तैयार किए गए आर्ट और क्राफ्ट मटीरियल भी दिखाए, जिससे उनकी क्रिएटिविटी और स्किल्स का पता चला। इस इवेंट में एनटीपीसी लारा का जवान लड़कियों को मज़बूत बनाने और उनके पूरे डेवलपमेंट को बढ़ावा देने का कमिटमेंट दिखाया गया। ऑर्गनाइज़ेशन जीईएम जैसे इनिशिएटिव्स के ज़रिए कम्युनिटी को सपोर्ट करना जारी रखे हुए है, जिससे आने वाले कल के लिए एक बेहतर भविष्य बनता है।

## अध्यक्ष पूर्णिमा के खिलाफ भाजपा नेताओं का धरना

**राउरकेला।** राउरकेला जिला भाजपा कमेटी के पदाधिकारियों की घोषणा के साथ ही पार्टी के भीतर असंतोष खुलकर सामने आ गया। जिला भाजपा अध्यक्ष पूर्णिमा केरकेटा के खिलाफ पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोलते हुए सेक्टर 3 स्थित बी 34 भाजपा जिला कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया।

यह धरना सोमवार, 30 दिसंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलाए जिसमें पार्टी के फ्रंटलाइन नेताओं ने जोरदार नारेबाजी की और चयन प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि जिला कमेटी के गठन में भारी धांधली की गई है तथा पार्टी संविधान को ताक पर रखकर मनमानी ढंग से पदाधिकारियों का चयन किया गया। नेताओं का कहना था कि पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे तथा बीजद से आए लोगों को कमेटी



में स्थान दिया गया है, जबकि वर्षों से पार्टी के लिए काम कर रहे पुराने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की गई है, जो किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने याद दिलाया कि पार्टी नियमों के अनुसार कमेटी में 70 प्रतिशत पुराने और 30 प्रतिशत नए चेहरे शामिल होने चाहिए। प्रदर्शन के दौरान यह भी आरोप लगाए गए कि केंद्रीय मंत्री व सांसद जुएल ओराम तथा विधायक दुर्गा तांती की सलाह और सुझावों को पूरी तरह नजरअंदाज कर जिला अध्यक्ष ने अपनी मनपसंद टीम बनाई। नेताओं ने सवाल उठाया कि आखिर जिला अध्यक्ष को इस तरह की मनमानी करने की शह कौन दे रहा है।

#### रायपुर के मुक्तांगना और डोंगरगढ़ का दर्शन

## वैदिक के छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर



बैदिक विद्या मंदिर के छात्र छात्राएं व स्कूल परिवार शैक्षणिक भ्रमण के लिए दो दिवसीय रायपुर व मा बम्लेश्वरी की मंदिर नगरी डोगरगढ़ पहुंचकर शैक्षणिक भ्रमण किया। प्रथम दिवस रायपुर के पुरखौती मुक्तागन का भ्रमण किया।

इसके बाद मैत्रीबाग पहुंचे जहा सभी छात्र-छात्राएं वहां की मनोहारी दृश्य से आनंदित हुए। उसके पश्चात दूसरे दिन छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक व प्रसिद्ध नगर डोगरगढ़ पहुंचे जहां माता बम्लेश्वरी की दर्शन कर आशीर्वाद लिए। वही मंदिर के चारो तरफ पर्यटन स्थल का भ्रमण किया और शैक्षणिक जानकारी ली। वही बच्चों के साथ पहुंचे स्कूल के शिक्षक, संचालक भगवान दास, प्राचार्य यादव ने भी मां बम्लेश्वरी के अदभूत व रहस्यमय कहानी के बारे मे छात्र छात्राएं को विस्तार पूर्वक बताया। छात्र छात्राएं काफी आनन्दित हुए। संचालक भगवान दास ने बताया कि स्कूल के पढ़ाई के साथ साथ ही बच्चे को नैतिक शिक्षा भी जरूरी होता है। इसलिए हमारे स्कूल परिवार के तरफ से प्रतिवर्ष छात्र छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के लिए दूर शहर ले जाते है।

## झेरिया यादव समाज की हुई जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के बैनर तले जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के यादव भवन में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। यह बैठक प्रदेशाध्यक्ष जगनिक यादव के मार्गदर्शन में रखा गया था। इसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी धनेश यादव रहे।



वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष फ़रू यादव, तहसील अध्यक्ष सोनु चंद यादव, जिला उपाध्यक्ष साध राम यादव, जिला उपाध्यक्ष धन साय यादव, जिला महामंत्री बृहस्पति यादव, जिला सचिव श्रवण यादव, जिला कोषाध्यक्ष एवं जैतपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष भुनेश्वर यादव, नगर अध्यक्ष नीलाधार यादव, नगर सचिव विकास यादव, कोसीर परिक्षेत्र अध्यक्ष दुर्गेश यादव नवरंगपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष रवि यादव, रोशन यादव, कनकबीरा क्षेत्र अध्यक्ष शंकर यादव, गोडम परिक्षेत्र अध्यक्ष उदल यादव, जिला महामंत्री समारोह यादव विशिष्ट अतिथि में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम के पूर्व भगवान कृष्ण पूजा अर्चना किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। आए हुए अतिथियों का साल श्रीफल से सम्मान किया गया। इसके बाद सारंगढ़ नगर के समस्त पदाधिकारी का फूल माला से बारी बारी स्वागत किया गया। इस समीक्षा बैठक में तहसील अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय अध्यक्षों ने अपने अपने विचार व सुझाव दिए।